Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to ensure payment of arrears to sugarcane farmers by sugar mill in Motihari under Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर)ः मैं सरकार का ध्यान किसानों के साथ हो रहे अत्याचार की तरफ दिलाना चाहती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र जिला अंतर्गत मोतीहारी में स्थित हनुमान शुगर एन्ड इन्डस्ट्रीज की चीनी मिल पर किसानों का 17 करोड़ रूपया का बकाया है। भुगतान के न होने से यहां के किसानों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है एवं मिल को चलाने वाले मजदूरों की मजदूरी एवं वेतन का 20 करोड़ रूपये से ज्यादा का बकाया है। कई मामलों में, मजदूरों का 2002 से वेतन बकाया है। 2 जून, 2015 को जिला अधिकारी, चीनी मिल के प्रबंधकों, किसान प्रतिनिधियों एवं मजदूर यूनियन के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत शुगर मिल का 30 करोड़ रूपया का कबाड़ बेचकर 20 करोड़ रूपये किसानों को एवं 20 करोड़ रूपये का भुगतान मजदूरों को किया जाना था। ऐसा लगता है शुगर मिल प्रबंधन एवं प्रशासन में कथित मिलीभगत है। चीनी मिल के प्रबंधक शुगर मिल को चलाना नहीं चाहते हैं। किसानों ने अप्रैल 2017 को आन्दोलन भी किया और वर्तमान समय में किसानों द्वारा गन्ने की बकाया धन रशि का भुगतान नहीं होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी गई है।

इस संबंध में आग्रह है कि केन्द्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप करे एवं किसानों एवं मजदूरों का बकाया भुगतान करवाने में सहयोग किया जाये।